आकाशवाणी चंडीगढ़

29 दिसंबर 2024, समय 1810

समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि संविधान, समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है।

- श्री मोदी ने महाकुंभ की विशालता का ज़िक्र करते हुए लोगों से एकता का संकल्प लेने का अनुरोध किया है।

- प्रधानमंत्री ने कहा है कि फिल्म और मनोरंजन की दुनिया ने "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की भावना को सशक्त किया है।

- श्री मोदी ने संतोष व्यक्त किया है कि भारत, मलेरिया और इसके कारण होने वाली मृत्यु में 80 प्रतिशत कमी लाने में सफल रहा है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि संविधान, राष्ट्र का मार्गदर्शक है और यह बड़े गर्व की बात है कि भारतीय संविधान के अगले वर्ष 26 जनवरी को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करते

हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। श्री मोदी ने कहा कि संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कई गतिविधियां शुरू की गई हैं जो साल भर चलेंगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष 13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ शुरू होने जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने महाकुंभ के महत्व का ज़िक्र करते हुए लोगों से एकता का संकल्प लेने का अनुरोध किया।

श्री मोदी ने कहा कि इस बार प्रयागराज में श्रद्धालु डिजिटल महाकुंभ के साक्षी बनेंगे। डिजिटल नेविगेशन की मदद से लोग विभिन्न घाटों, मंदिरों और साधुओं के अखाड़े तक पहुंच पाएंगे। नेविगेशन प्रणाली लोगों को पार्किंग स्थलों तक पहुंचने में भी मदद करेगी। श्री मोदी ने कहा कि कुंभ में पहली बार कृत्रिम मेधा आधारित चैटबोट का इस्तेमाल होगा। उन्होंने कहा कि कुंभ के दौरान अगर कोई सगा संबंधी बिछुड़ जाता है तो उसे ढूंढने के लिए कृत्रिम मेधा आधारित कैमरे भी लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से इन सुविधाओं का लाभ उठाने और हैशटैग एकता का महाकुंभ के साथ अपनी सेल्फी अपलोड करने को भी कहा। एनिमेशन पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि कृष, ट्रिश और बाल्टी बॉय बच्चों में काफ़ी प्रिय हैं। उन्होंने कहा कि यह तीनों, स्वतंत्रता संग्राम के उन बहादुर नायकों से

संबंधित हैं जिनके बारे में ज़्यादा चर्चा नहीं हुई है। श्री मोदी ने कहा कि यह एनिमेशन श्रृंखलाएं, न केवल कई भारतीय भाषाओं में बल्कि विदेशी भाषाओं में प्रसारित की जा रही हैं। इन्हें दूरदर्शन और ओ.टी.टी प्लेटफॉर्म पर भी देखा जा सकता है। आकाशवाणी से इस सीरीज का प्रसारण प्रत्येक रविवार को दिन में साढ़े दस बजे किया जाता है। श्री मोदी ने फिल्म और मनोरंजन की दुनिया को एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को सशक्त करने के लिए बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने फिल्म जगत की उन महान विभूतियों को भी याद किया, राष्ट्र जिनकी 100वीं जयंती मना रहा है। उन्होंने कहा कि इन विभूतियों ने भारतीय सिनेमा को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई है-

श्री मोदी ने भारत के मनोरंजन और क्रिएटर उद्योग से वेव्ज़ शिखर बैठक का हिस्सा बनने का अनुरोध किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारतीय संस्कृति का प्रकाश दुनिया के कौने-कौने में फैल रहा है। उन्होंने मिस्र के विद्यार्थियों का उल्लेख किया जिन्होंने भारतीय देवी-देवताओं, नृत्य कलाओं और महान विभूतियों के चित्र बनाए हैं।

श्री मोदी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत की दो प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख किया और संतोष व्यक्त किया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015 से 2023 के दौरान भारत में मलेरिया के मामलों और इसके कारण हुई मौतों में अस्सी प्रतिशत तक की कमी

आई है। श्री मोदी ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र में मलेरिया को काबू करने के लिए हुए प्रयास का जिक्र भी किया-

प्रधानमंत्री ने विश्व की प्रसिद्ध चिकित्सा पत्रिका लेंसेट का अध्ययन साझा करते हुए कहा कि भारत में कैंसर का उपचार समय पर शुरू करने की संभावना काफी बढ़ गई है।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला के सेक्टर-9 में कार्यकर्ताओं के बीच प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

इस अवसर पर बी.जे.पी प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

****

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के आम चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। रिटर्निंग अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार कालका वार्ड के लिए आठ, अंबाला छावनी वार्ड के लिए 6 , अंबाला शहर वार्ड के लिए 4 कुरुक्षेत्र के 5 वार्डों के लिए 40, कैथल के तीन वार्डों के लिए 20 आवेदन प्राप्त हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार अंबाला छावनी से समिति के पूर्व सदस्य हरपाल सिंह मच्छौडा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह सहगल ने भी नामांकन भरा है। वहीं कुरुक्षेत्र के शाहबाद वार्ड 13 से 10, वार्ड 12 लाडवा से

10, वार्ड 11 पिहोवा से 5, वार्ड 12 मुर्तजापुर से 9, वार्ड 12 थानेसर से 6 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए है।

कैथल के गुहला और कांगथली वार्ड से 7, कैथल वार्ड से 6 नामांकन दाखिल किए गए हैँ। नामांकन पत्रों की छटनी का कार्य 30 दिसंबर को किया जाएगा। दो जनवरी दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र वापिस लिए जा सकेंगे। मतदान 19 जनवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा और उसी दिन मतगणना के बाद परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

****